मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 41 ▪ अंक : 257 ▪ सोमवार, 8 जनवरी 2024 ▪ 3 रुपए ▪ पृष्ठ 4

Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com





पृष्ठ... 4 पर पढ़ें.

'तौबा तेरा जलवा' में अमीषा बनीं लव गुरु

# उद्धव ठाकरे 13 को अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण में

- सांसद श्रीकांत शिंदे के कल्याण लोकसभा में उद्धव ठाकरे का दौरा




यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** शिवसेना उबाठा के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे 13 जनवरी को अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण दौरे पर होंगे. सांसद श्रीकांत शिंदे के गढ़ में पहली बार उद्धव ठाकरे कल्याण लोकसभा का दौरा करेंगे. उनके दौरे के कारण कार्यकर्ताओं में खुशी और जोश देखा जा रहा है. पहले वह अंबरनाथ में दोपहर 12.30 बजे शहर पूर्व के शिवसेना कार्यालय में भेंट देकर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से भेंट करके उनका मार्गदर्शन करेंगे. ऐसी जानकारी शिवसेना उबाठा के शहर पूर्व अध्यक्ष अजित काले एवं पश्चिम के अध्यक्ष एड. संदीप पगारे ने दी है.

इस दौरे के बारे में अधिक जानकारी देते हुए अजित काले ने बताया कि उद्धव ठाकरे राज्य में पहली बार किसी शाखा को भेंट दे रहे हैं. इससे पूर्व वह मार्गदर्शन करने के लिए दौरा करते रहे हैं. इस शाखा भेंट से हमारा सर गर्व से ऊंचा हो गया है. अंबरनाथ शिवसेना के लगभग सभी नगरसेवकों ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ा है. काले ने ये भी बताया कि सन 1992 से मोतीराम पार्क की शाखा का वह संचालन कर रहे हैं. ये हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है कि उद्धव राज्य में पहली शाका को भेंट देंगे. ऐसा उनका दावा है. ये हमारी निष्ठा का फल है. जिला प्रमुख चंद्रकांत बोडारे, एड. संदीप पगारे, अजित काले ने उनके स्वागत की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है. अंबरनाथ के बाद वह मराठा सेक्शन उल्हासनगर और कल्याण भी जाएंगे और कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन करके उनका मार्गदर्शन करेंगे.

# शहर में NCP की कमान गंगोत्री के पास

## उपमुख्यमंत्री अजित पवार का उल्हासनगर में भव्य स्वागत









**उपमुख्यमंत्री ने कहा-**

- शहर विकास हेतु गंगोत्री को देंगे और फंड
- 25 करोड़ के फंड का हुआ सही उपयोग
- उल्हासनगर में सफाई की कमी
- शहर को डेवलपमेंट की जरूरत
- मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे

करन बोधा

उल्हासनगर। राकांपा के प्रदेश सचिव व पूर्व सभागृह नेता भारत राजवानी (गंगोत्री) के निमंत्रण पर रविवार 7 जनवरी 2024 को राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार उल्हासनगर आए हुए थे जहां गंगोत्री को दिए गए 25 करोड़ के फंड से विभिन्न विकास कार्यों का उनके हाथों अनावरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह 25 करोड़ के फंड का सही उपयोग हुआ है उसी तरह आगामी समय में भी शहर विकास हेतु गंगोत्री की टीम को फंड दिया जाएगा जिसे शहर का इसी तरह विकास हो। गंगोत्री के घर पर करीब आधे घंटे तक रहे उपमुख्यमंत्री पवार ने मौजूदा कार्यकर्ताओं से चर्चा कर कहा कि शहर में राकांपा की भागदौड़ गंगोत्री ने अच्छे से संभाली हुई है और उल्हासनगर राकांपा की कमान उन्हीं के नेतृत्व में ही होगी। अब कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी शुरू करें।

ज्ञात हो कि नेताजी चौक पर उपमुख्यमंत्री पवार का भव्य स्वागत जेसीबी से माला पहनाकर और पटाखे फोड़कर किया गया और हजारों की भीड़ के बीच उपमुख्यमंत्री पवार 10 मिनट गंगोत्री के साथ पैदल चलकर उद्घाटन समारोह में पहुंचे। उल्हासनगर-5 स्थित भाटिया चौक के पास शहर के सबसे खूबसूरत पुष्प पवन नामक उद्यान का अनावरण उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार के हाथों हुआ। उद्घाटन समारोह में यह चर्चा थी कि इतने से उद्यान अनावरण के लिए अगर उपमुख्यमंत्री आए हैं तो वो उनका गंगोत्री व शहर के प्रति अलग ही स्नेह है। हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति के दौरान उपमुख्यमंत्री पवार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राकांपा के प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने जो शहर विकास हेतु मुद्दे उठाए हैं उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास मैं करूंगा। उन मुद्दों में कैम्प 5 का डम्पिंग ग्राऊंड हटाने बाबत, शहर के इमारतों का नियमितीकरण, मनपा को उच्च दर्जा देने, शहर का नियोजन, पानी में वृद्धि आदि प्रमुख मुद्दे उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इन मुद्दों पर श्री पवार ने कहा कि दो दिनों बाद इन्हीं मुद्दों पर विशेष बैठक में इन्हें हल करने का प्रयास हम करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी समय में सांसद व विधायक चुनाव होने हैं ऐसे में अगला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होगा ऐसी हमारी आशा है।

श्री पवार ने यह भी कहा कि मैं सुबह से ही शहर में हूं लेकिन शहर में साफ-सफाई का अभाव मुझे देखने को मिल रहा है इस विषय में मनपा आयुक्त के साथ मैं इसका नियोजन करूंगा। शहर को डेवलपमेंट की जरूरत है उसके लिए गंगोत्री व उनकी टीम के साथ मैं संपर्क में हूं। जो मैं कहता हूं वो मैं करता हूं उल्हासनगर शहर का विकास जरूर होगा।



### कालानी अभी भी दो नाव में सवार

राकांपा की दो नावों में सवार कालानी एक बार फिर उपमुख्यमंत्री के स्वागत हेतु रास्ते पर खड़े रहे। 10 मिनट के इस स्वागत कार्यक्रम में कालानी समर्थक अपने आपको टीओके के कार्यकर्ता बता रहे थे। यहां पर टीओके नेता निकम ने महिला कार्यकर्ता से बदसलूकी भी की। शहर में राकांपा के प्रमुख कार्यक्रम में कालानी के शामिल न होने यह समझा जा सकता है कि राकांपा को कालानी की जरूरत नहीं है। ऐसा लग रहा है कि राकांपा के आला नेता भी कालानी से कन्नी काट रहे हैं। इसलिए कालानी कभी शरद पवार कभी अजित पवार के दरवाजे पर खड़े रहते हैं। कालानी को पार्टी नहीं केवल विधानसभा टिकट की जरूरत है।

# बढ़ती जनसंख्या के कारण ठाणे जिले में अपराध बढ़ा

## एनसीपी कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले अजित पवार



आकिब शेख

**कल्याण.** बढ़ती लोकसंख्या के कारण ठाणे जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा है की बात करते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मनसे की तरह परप्रांतियों पर निशाना साधा। कल्याण के वरप गांव में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि रोजगार के लिए बड़े पैमाने पर राज्य के बाहर से लोग आए हुए है। जिसके कारण लोकसंख्या में प्रचंड बढोत्तरी हुई है। इसलिए जिले में आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। पवार ने आगामी लोकसभा चुनाव के ऊपर कहा कि लोकसभा चुनाव महायुति के बैनर तले एक साथ मिलकर लड़ना है, और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। चुनावी बिगुल बजाते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि महाराष्ट्र से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सांसदों को जिताकर संसद में भेजना है, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ताकत मिल सके।

### मराठा आरक्षण के लिए सरकार कटिबद्ध

सम्मेलन में पवार ने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि मराठा आरक्षण को लेकर मेरा मत स्पष्ट है। राज्य के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सर्वदलीय बैठक लेकर अन्य जाति के आरक्षण को बिना नुकसान पहुंचाए हमारी सरकार मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए कटिबध्द है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पवार ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामभक्तों की भारी भीड़ होगी। इसलिये जिन्हें निमंत्रण नहीं मिला है, वे प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान राम का दर्शन करें। कार्यकर्ता सम्मेलन में अजित पवार के अलावा एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, महिला प्रदेश अध्यक्ष रूपाली चाकणकर, विधायक दौलत दरोडा, कल्याण जिला अध्यक्ष जगन्नाथ(अप्पा) शिंदे, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव नजीब मुल्ला, भारत गंगोत्री, रमेश हनुमन्ते और किशनराव तारमले सहित एनसीपी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ट्रैफिक जाम में फंसा उल्हासनगर



- दोपहिया वाहनों की टोइंग बंद
- नागरिकों में नाराजगी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर ट्रैफिक जाम से जूझ रहा है. आम नागरिकों को परेशानी हो रही है. बाजारों के बीच की संकरी सड़कों पर भीषण ट्रैफिक जाम से बचने के लिए उल्हासनगर यातायात शाखा ने टोइंग सेवा शुरू की थी, जो पिछले सात महीने से बंद है. हालांकि राजनीतिक दबाव में सेवाएं बंद करने से आम लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है. शहर में इस बात की चर्चा है कि राजनीतिक दल व्यापारियों को क्यों बचा रहा है. सात माह पहले मोबाइल मार्केट में पार्किंग के पीछे खड़ी टोइंग गाड़ी को उठाने के दौरान एक युवक घायल हो गया था। इसके बाद उल्हासनगर यातायात शाखा ने दोपहिया वाहनों को उठाना बंद कर दिया था. दो महीने पहले उल्हासनगर यातायात शाखा का प्रभार संभालने वाले अविनाश भामरे ने अनियंत्रित दोपहिया वाहन पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ठाणे आयुक्तालय से एक टोइंग वाहन के लिए अनुरोध किया था। तदनुसार, ठाणे परिवहन विभाग से एक टोइंग वाहन उल्हासनगर शहर भेजा गया था। शुक्रवार को वाहनों को टोइंग करना शुरू हुआ था, लेकिन बाद में उसे बंद कर दिया गया है, जिससे ट्रैफिक जाम बढ़ गया है।

## उल्हासनगर मनपा की ओर से मिड टाउन हॉल में

# सावित्रीबाई फुले जयंती सम्पन्न





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा की ओर से 5 जनवरी को मनपा आयुक्त अजीज शेख की अध्यक्षता में उल्हासनगर मनपा के महिला एवं बाल कल्याण विभाग की ओर से क्रांतिवीर सावित्रीबाई ज्योति की फुले जयंती मनाई गई. उक्त जयंती कार्यक्रम मिड टाउन हॉल, गोल मैदान, उल्हासनगर-2 में आयोजित किया गया था। इसमें उल्हासनगर शहर की महिलाओं ने उत्साह व खुशी से भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने किया। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव के साथ-साथ नगर सचिव प्रतिभा कुलकर्णी, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, उप लेखा अधिकारी (शिक्षा विभाग) नीलम कदम, सिस्टम विश्लेषक (एन.एस. केंद्र) श्रद्धा सपकाले और समग्र शिक्षा विभाग की प्रमुख संगीता लहान, सलोनी निवकर जनगणना-आधार विभाग, विभाग के निशक्तजन राजेश घनघव, खेल विभाग के शांताराम चौधरी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारी नितेश रंगाणी उपस्थित थे।

# कार का दरवाजा अचानक खोलने से हुआ हादसा

## बाइक सवार टकराकर घायल

**अंबरनाथ.** आनंद नगर एमआईडीसी, अंबरनाथ पूर्व में एक चालक ने कार का दरवाजा अचानक खोल दिया, जिससे पीछे से आ रहा बाइक सवार दरवाजे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 जनवरी की सुबह 7.50 बजे के करीब अमोर एकनाथ देवकाते (31) अपनी होंडा शाइन बाइक (क्र. एमएच 05 ईआर4971) से काम पर जा रहा था. कमलधाम वृद्धाश्रम के पास, आनंद नगर एमआईडीसी, अंबरनाथ पूर्व में कार क्र. एमएच 05 केएल 0453 के चालक ने अचानक बिना पीछे देखे चालक की सीट की तरफ का दरवाजा खोल दिया. जिससे पीछे से आ रही अमोल की बाइक दरवाजे से टकरा गई और अमोल दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया. कार चालक का नाम पता मालूम नहीं हो सका है. शिवाजी नगर पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक राम रूपवाड मामले की जांच कर रहे हैं.

# दीवानी न्यायालय जून में होगा शुरू

- विधायक किणीकर ने दी जानकारी
- न्यायालय को जाने के रास्ते का मसला हल
- करंजुले अपनी जगह देकर खुद रास्ता बनाकर देंगे

उल्हास विकास संवाददाता





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका दीवानी न्यायालय जून 2024 तक शुरू हगा. ऐसी बात विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने न्यायालय को जाने वाले रास्ते का भूमिपूजन करने के बाद कही. गत एक वर्ष से न्यायालय के शुरू होने की प्रतीक्षा की जा रही थी. लेकिन न्यायालय के लिए रास्ता नहीं था. भाजपा प्रदेश सचिव गुलाबराव करंजुले द्वारा उनके मालकी की जगह रास्ता निर्माण के लिए देने पर अब ये मसला हल हो गया है. न्यायालय के पास से जा रहे बाड़े पाइप लाइन को अंडर ग्राउंड करके रास्ता बनाने के बारे में तय हुआ था. जिस पर 4 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च होने वाले थे.

विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के प्रयास से एवं गुलाबराव करंजुले, अभिजीत और विश्वजीत करंजुले पाटिल द्वारा अपनी जगह देकर खुद के खर्च से 40 फुट चौड़ा रास्ता निर्माण करके देने से ये मसला अब हल हो गया है. इस रास्ते के बनजाने से चिखलोली गांववासियों, आदिवासी वसाहती गृह एवं बुद्धिस्ट समाज स्कूल के लिए वरदान साबित होगा. रविवार को न्यायालय के समक्ष रास्ता भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक किणीकर ने गुलाब करंजुले, अभिजीत और विश्वजीत करंजुले का सत्कार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर विधायक किणीकर ने कहा कि करंजुले परिवार के आगे आने से जनता का साढ़े चार करोड़ रुपया बच गया है. ये रास्ता एक महिने में बनेगा और जून महिने तक न्यायालय शुरू हो जाएगा. ऐसी आशा उन्होंने व्यक्त की है. इस अवसर पर सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अधिकारी मानकर, पुरुषोत्तम उगले, पत्रकार पंकज पाटिल, सुरेंद्र पाटिल,कमर काजी व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# श्रीराम मंदिर का निर्माण हर किसी के जीवन में गौरव का क्षण -सांसद शिंदे

## कल्याण पूर्व में प्रभु श्री राम मंदिर प्रतिकृति की आधारशिला रखी गई

मोहनसिंह धामी






**कल्याण.** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 500 साल के लंबे अंतराल के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर खड़ा हो गया है. कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का मानना है कि यह हर किसी के जीवन में खुशी और गर्व का क्षण होगा। श्रीकांत शिंदे की संकल्पना से कल्याण पूर्व में भगवान श्रीराम मंदिर की भव्य प्रतिकृति साकार हो रही है। इसके स्थापना समारोह में बोलते हुए सांसद डॉ. शिंदे ने यह भावना व्यक्त की.

22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की स्थापना हो रही है. इस उपलक्ष्य में श्रीराम मंदिर की भव्य प्रतिकृति कल्याण पूर्व के चक्कीनाका स्थित गुण गोपाल मैदान में साकार हो रही है। शिंदे ने कहा. उन्होंने कल्याण डोंबिवली के राम भक्तों से भी यहां आकर दर्शन करने की अपील की. यह प्रतिकृति राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में बनाई जा रही है और कला निर्देशक अमन विधाते इस प्रतिकृति को साकार करेंगे. इस कार्यक्रम में परम पूज्य श्री. विश्वनाथ वारिंगे महाराज, श्री. शास्त्री महाराज, कल्याण शहर प्रमुख रवि पाटिल, उप जिला प्रमुख राजेश कदम, उप जिला प्रमुख मल्लेश शेट्टी, उल्हासनगर महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, उल्हासनगर उप जिला प्रमुख अरुण आशान, डोंबिवली शहर प्रमुख राजेश मोरे, कल्याण पूर्व शहर प्रमुख महेश गायकवाड़, पूर्व नगरसेवक नीलेश शिंदे, प्रशांत काले, ग्रामीण तालुका प्रमुख महेश पाटिल, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी, भाजपा लोकसभा प्रमुख शशिकांत कांबले और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सोसायटी की पार्किंग से एक्टिवा चोरी



**अंबरनाथ.** नवरे नगर स्थित रॉयल पार्क में बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी की गई होंडा एक्टिवा चोरी हो गई, जिसकी कीमत 30 हजार रुपए है.

रॉयल पार्क, नवरेनगर, अंबरनाथ पूर्व निवासी अंजलि गौतम मांडवकर (33) ने शिवाजी नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है कि 22 दिसंबर की रात 10 बजे से 23 दिसंबर की सुबह 10 बजे के दरम्यान उनकी होंडा एक्टिवा कोई चोरी कर ले गया, जो उनकी बिल्डिंग की पार्किंग में ही खड़ी की गई थी. बाइक का नंबर एमएच 01 सीएस 4972 है और कीमत 30 हजार रुपए है. शिवाजी नगर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है.

# अंबरनाथ में 'पत्रकार दिन' संपन्न

## शहर विकास में पत्रकारों का भी हाथ : विधायक किणीकर





- पत्रकारों की दिशा और दशा पर मार्गदर्शन

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** शहर में विकास कार्य को अच्छे तरीके से आगे बढ़ाने के लिए पत्रकारों का भी बहुत बड़ा हाथ है. 6 जनवरी पत्रकार दिन पर अंबर भरारी के संस्थापक सुनिल चौधरी द्वारा आयोजित 'पत्रकारिता की दिशा और दशा' विषय पर पत्रकारों का मार्गदर्शन करते हुए ये बात विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने कही. पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी ने पत्रकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पत्रकार जो भी देखता है, वह लिखता है. पत्रकारों ने जब-जब भी टिप्पणी की है, तो उसका स्वागत करते हुए हमने उस काम में सुधार लाने का प्रयास किया है.

पत्रकार पंकज पाटिल, कमर काजी, यूसुफ शेख, सुनिल अहिरे, सीझर लॉरेंस, राजू सूर्यवंशी, प्रफुल्ल थोरात, अजित रानाडे, उस्मान शाह, निसार खान आदि उपस्थित पत्रकारों ने कल की पत्रकारिता और आज की पत्रकारिता दिशा और दशा पर ये बताया कि पत्रकारों में अगर कितने ही गुट क्यों ना हों, वह वक्त पड़ने पर एक दूसरे की सहायता के लिए दौड़ पड़ते हैं. पत्रकारों को आवास मिलने चाहिए. इस पर जोर दिया गया. विधायक किणीकर और सुनिल चौधरी ने कहा कि वह इसके लिए प्रयत्नशील हैं. पत्रकारों को भोजन का प्रबंध भी किया गया था. कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन दत्ता घावट ने किया. कार्यक्रम में डॉ. गणेश राठोड़, गुणवंत खरेदिया, निखिल चौधरी, अमर राणे आदि मान्यवर उपस्थित थे.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### उल्फा समझौते से शांति

29 दिसंबर 2023 को असम में एक और विद्रोह का अंत हुआ. इस बार यह त्रिपक्षीय समझौता था जिस पर भारत सरकार और असम राज्य सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उपस्थिति में नई दिल्ली में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के साथ हस्ताक्षर किए। क्या 7 अप्रैल, 1979 को गठित उल्फा के साथ इस शांति समझौते ने असम में उग्रवाद पर पर्दा डाल दिया है? इसका उत्तर नहीं है, क्योंकि मायावी परेश बरुआ के नेतृत्व में अलग हुआ गुट, जिसने अपना नाम उल्फा (स्वतंत्र) रखा था, अभी भी सक्रिय है और उसने सुरक्षा बलों पर हथगोले फेंकने या अजीब हमले शुरू करने की प्रथा नहीं छोड़ी है। यद्यपि अनियमित ढंग से। तो फिर उल्फा समझौते से क्या हासिल हुआ? बोडो विद्रोहियों के साथ शांति समझौते के विपरीत, जिसके कारण शुरू में बोडोलैंड स्वायत्त परिषद का निर्माण हुआ, जो बाद में बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद में बदल गया, उल्फा के साथ समझौता ज्ञापन कोई नई स्वायत्त राजनीतिक-प्रशासनिक संरचना प्रदान नहीं करता है। इसका मतलब यह है कि उल्फा का नेतृत्व जिसने समझौते पर अपने हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अध्यक्ष अरबिंद राजखोवा (जिन्होंने अपने वास्तविक नाम राजीव राजकोनवार के तहत हस्ताक्षर किए) और महासचिव अनुप चेतिया (जिन्होंने अपने वास्तविक नाम गोलाप बरुआ के रूप में हस्ताक्षर किए) शामिल नहीं होंगे। उदाहरण के लिए, हाग्रामा महिलारी के विपरीत, किसी भी प्रशासनिक ढांचे का नेतृत्व करें, जो 2003 में बोडो समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद बीटीसी के मुख्य कार्यकारी सदस्य बन गए और उनके विद्रोही समूह, बोडो लिबरेशन टाइगर्स (बीएलटी) को भंग कर दिया गया। कई लोग पहले से ही तर्क दे रहे हैं कि उल्फा समझौते से कुछ हासिल नहीं हुआ है क्योंकि किसी को सरकार से अंतर-राज्य समाधान का आश्वासन पाने के लिए साढ़े चार दशकों तक सशस्त्र विद्रोह करने की ज़रूरत नहीं है, जिसमें लगभग 10,000 लोगों की मौत हो गई है। सीमा विवाद या असम की मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नामांकन को रोकना (ये आश्वासन सरकार ने एमओयू में प्रदान किए हैं)। लेकिन, उल्फा समझौते ने निश्चित रूप से कुछ हासिल किया है जो असम में अन्य संगठनों के साथ अन्य शांति समझौतों ने नहीं हासिल किया है। उल्फा समझौते में एक और महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि देश का नागरिक जो किसी विधानसभा क्षेत्र का सामान्य निवासी है, केवल उस निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत होने का हकदार होगा। कोई भी व्यक्ति एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं होगा।

# भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद जांच एजंसी पर तोहमत

यह परिपाटी-सी बनती जा रही है कि जब भी किसी राजनेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो वह संबंधित जांच एजंसी को ही कठघरे में खड़ा करने लगता है। उसकी मंशा पर सवाल उठाना शुरू कर देता है। अगर संबंधित राजनेता किसी राज्य की कमान संभाले हुए हो तो वह अपने पक्ष में पूरे तंत्र को खड़ा कर देता है। दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री यही पैंतरा आजमा रहे हैं।

अवैध खनन में धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के मुख्यमंत्री को सात बार समन भेज चुका है, मगर वे किसी न किसी बहाने उसमें सहयोग करने से बचते रहे हैं। उन्होंने पार्टी, विधायकों और मंत्रियों की बैठक बुला कर समर्थन हासिल कर लिया है कि अगर प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई करता है, तो भी वही मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे।

इससे पहले यही कवायद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कर चुके हैं। उन पर कथित दिल्ली शराब घोटाले में सहयोग करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय उन्हें तीन बार पूछताछ के लिए बुला चुका है, मगर वे उसके इरादे पर सवाल उठाते हुए उसके नोटिस को ही प्रश्नांकित कर चुके हैं। वे और उनकी पार्टी लगातार इसके पीछे केंद्र सरकार की गलत मंशा बताते रहे हैं।

यह अजीब किस्म की ईमानदारी है कि आरोपी जांच में सहयोग करने के बजाय खुद को





पाक-साफ बताता फिरे। कायदे से आरोपी को जांच एजंसियों के सवालों का जवाब देकर साबित करना होता है कि वह निरपराध है। प्रवर्तन निदेशालय लंबे समय से दिल्ली शराब घोटाले और झारखंड में अवैध खनन से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है।

उसे कुछ तो तथ्य हाथ लगे होंगे, जिनके आधार पर उसने दोनों मुख्यमंत्रियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। दोनों मामलों में कई लोगों को संलिप्त पाया जा चुका है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी कहते फिर रहे थे कि शराब घोटाले में उनका कोई हाथ नहीं है, मगर प्रवर्तन निदेशालय के सवालों पर वे अपने बचाव में उचित तथ्य पेश नहीं कर सके।

अब बेशक आम आदमी पार्टी उन्हें बेकसूर और साजिश के तहत फंसाया गया बता रही हो, पर अदालत ने भी माना है कि वे संदेह के दायरे से बाहर नहीं हैं। इसलिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस तर्क में कोई दम नजर नहीं आता कि केंद्र सरकार उन्हें जेल भेजना चाहती है। जब तक ईडी के आरोपों को तथ्यों के जरिए बेबुनियाद नहीं ठहरा देते, वे सवालों के घेरे में बने रहेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री से इसलिए भी सवालों का सामना करने की अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी पार्टी के गठन के दिन से ही दावा करते नहीं थकते कि उनकी पार्टी कट्टर ईमानदार है। ईमानदारी का प्रमाण इसका जुबानी एलान नहीं हो सकता। उसे सबूतों के साथ पेश करना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली सरकार के अनेक फैसले और योजनाएं अनियमितताओं के आरोप झेल रही हैं।

हालांकि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री दावा करते हैं कि हर काम उन्होंने पारदर्शी तरीके से किया है। अगर ऐसा है तो जांच एजंसियों के सवालों से भागने की जरूरत क्या है। जनहित से जुड़े मामलों में लगे भ्रष्टाचार के आरोप राजनीतिक रंग दे देने से समाप्त नहीं हो जाते। यह ठीक है कि जांच एजंसियों के कामकाज के तरीके पर भी पिछले कुछ वर्षों में गंभीर सवाल उठे हैं, पर इससे सोरेन और केजरीवाल को बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता।





आंतरिक प्रकाश में लीन होने से, आत्मा भीतर मौजूद सच्चाइयों के प्रति जागृत हो उठती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अधिकारियों की औपनिवेशिक मानसिकता

प्रशासनिक अधिकारियों की आम लोगों से दूरी इसीलिए बढ़ती गई है कि वे अपने ओहदे के अहंकार से बाहर निकल ही नहीं पाते। अधिकारी प्रायः अपने आसपास आतंक का ऐसा घेरा बनाए रहते हैं कि लोग उन तक सामान्य तरीके से पहुंच ही नहीं पाते। अगर किन्हीं स्थितियों में वे आम लोगों के बीच घिर जाते हैं या मजबूरी में उन्हें उनके बीच जाना पड़ता है, तब भी उनकी कोशिश यही रहती है कि उनके रुतबे का दबदबा कायम रहे।

दो दिन पहले ट्रक चालकों की हड़ताल के समय मध्यप्रदेश में शाजापुर के जिलाधिकारी ने भी इसी प्रवृत्ति के चलते अपनी हनक दिखाते हुए चालकों की 'औकात' पर सवाल खड़े कर दिए। इसे लेकर खासा बवाल हुआ। अच्छी बात है कि राज्य के मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल जिलाधिकारी को वहां से हटा दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अधिकारियों से ऐसी भाषा की अपेक्षा नहीं करती और न बर्दाश्त कर सकती है।

न जाने दूसरे अधिकारियों ने इस प्रकरण से क्या सबक लिया है। मगर इससे एक बार फिर यह सवाल गाढ़ा हुआ है कि लोकसेवक आखिर कब लोक की सेवा का अपना कर्तव्य समझे और आम लोगों से तालमेल बिठा कर



अपने सामाजिक कल्याण के दायित्व का निर्वाह सीखेंगे।

प्रशासनिक अधिकारी आमजन और सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी होते हैं, जो न सिर्फ सरकारी योजनाओं को सही और प्रभावी ढंग से लागू करते, बल्कि स्थानीय समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान भी आकर्षित करते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि लोगों के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुने-समझेंगे और उनके समाधान का हर संभव प्रयास करेंगे।

मगर स्थिति यह है कि आजादी के बाद लोकतंत्र की स्थापना के बावजूद जिलाधिकारियों की औपनिवेशिक मानसिकता बदल नहीं पाई है। वे जनता का सेवक बन कर काम करने के बजाय शासक बन कर रहना ज्यादा पसंद करते हैं। स्थिति यह है कि अगर कोई उनके खिलाफ अंगुली उठा देता या उठाने का प्रयास करता है, तो वे उसके दमन पर उतर आते हैं। इस तरह भय का वातावरण बना कर मनमाने ढंग से काम करने की कोशिश करते हैं।

प्रशासन से पारदर्शिता गायब है। यही वजह है कि शाजापुर के जिलाधिकारी ने ट्रक चालकों को भय दिखा कर आंदोलन से दूर हटाने का प्रयास किया। जबकि उनसे अपेक्षा की जाती थी कि वे आंदोलनकारियों की बात सुनें और उनकी मांगों पर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाएं। मगर नौकरशाही में ऐसी सलाहियत शायद सिरे से गायब होती जा रही है।

प्रशासनिक सुधार संबंधी अनेक सुझाव समय-समय पर सरकारों को सौंपे गए, मगर उन्हें अमली जामा पहनाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं हुआ। इसी का नतीजा है कि सत्तापक्ष अपनी मंशा के अनुरूप नौकरशाही का इस्तेमाल करता रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों में भी सत्ता से करीबी कायम कर 'लाभ' की जगहों पर पहुंचने की होड़ देखी जाती है।

मध्य प्रदेश के जिस जिलाधिकारी को अपदस्थ किया गया, वे भी इस मानसिकता से मुक्त नहीं माने जा सकते। उन्हें भरोसा रहा होगा कि ट्रक चालकों को अपनी धौंस से काबू में कर लेंगे, तो सत्तापक्ष पर उनका प्रभाव बढ़ जाएगा। सत्ता और प्रशासन के बीच इस गठजोड़ को लंबे समय से लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत माना जाता रहा है।


# ये है पश्चिमी दुनिया की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा

ब्राजील में भगवान बुद्ध की बहुत ही अद्भुत प्रतिमा है, जो यहां एस्पिरिटो सैंटो स्टेट के इबिराकू सिटी में स्थित है. माना जाता है कि यह पश्चिमी

**जरा हट के**

दुनिया में सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा है. साथ ही इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा भी माना जाता है. अब इसी प्रतिमा से जुड़ी तस्वीरें वायरल हो रही है. आखिर ये प्रतिमा कितनी अनोखी है, जो बड़ी संख्या में लोग इसे देखने के लिए खिंचे चले आते हैं. आइए जानते हैं.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर इस प्रतिमा की एक तस्वीर को @BrazilEmbassyIN नाम के यूजर ने पोस्ट किया है, जिसमें आप इस प्रतिमा को देख सकते हैं. भगवान बुद्ध की ये प्रतिमा एकदम सफेद है, जो हरे भरे मैदान और पहाड़ियों वाले इलाके में स्थित है. तस्वीर में प्रतिमा के चारों का नजारा देखने में बड़ा ही खूबसूरत लग रहा है.



### कितनी अनोखी है ये प्रतिमा?

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मूर्ति होने के अलावा, ये बुद्ध की विशाल प्रतिमा अपनी सुंदर बनावट और इसके चारों ओर के प्राकृतिक खूबसूरती की वजह से काफी अनोखी है. इसके पास और भी कई छोटी बुद्ध प्रतिमाएं रखी हुई है, वो सभी भी सफेद रंग की है.

भगवान बुद्ध की इस प्रतिमा को बनने में एक साल से अधिक का समय लगा, जिसे बनाने में लोहे, कंक्रीट और स्टील सहित अन्य चीजों के मिश्रण के करीब 350 टन मिश्रण को इस्तेमाल किया गया है. ग्लोबो टेलीविजन की रिपोर्ट के अनुसार, यह बुद्ध मूर्ति ब्राजील का सबसे बड़ी प्रतिमा है, जिसकी ऊंचाई 35 मीटर है और यह रियो डी जनेरियो में ईसा मसीह की मूर्ति से भी पांच मीटर ऊंची है. इस विशाल मूर्ति और उसके चारों ओर की प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग वहां खिंचे चले आते हैं. कहा जाता है कि यह प्रतिमा देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का प्रतिनिधित्व करती है.

# हाथ में कलावा कितनी बार लपेटना चाहिए?

- **99% लोग करते हैं गलती**
- **जानें रक्षासूत्र बांधने का तरीका और महत्व**

हिन्दू धर्म में पूजा-पाठ या फिर मांगलिक कार्य में कलावा का प्रयोग जरूर किया जाता है. कलावा बांधने का धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक कारण भी है. कलावा को देवी-देवताओं को अर्पित करने के साथ ही हाथ में भी रक्षासूत्र के रूप में बांधा जाता है. माना जाता है कि रक्षासूत्र को हाथ में बांधने से बुरी बलाओं से बचाओ होता है. साथ ही कलावा बांधने वालों पर ईश्वर की कृपा बनी रहती है. हालांकि इसका लाभ



आपको तभी मिलेगा, जब इसको बांधने के सही नियम फॉलो करेंगे. बता दें कि, शास्त्रों में कलावा धारण करने और उतारने के कई नियम बताए गए हैं. इन नियमों का ध्यान रखा जाए तो व्यक्ति कई समस्याओं से बच सकता है. आइए कासगंज की तीर्थ नगरी सोरों के ज्योतिषाचार्य डॉ. गौरव कुमार दीक्षित से जानते हैं क्यों बांधा जाता है कलावा? कलावा बांधने और उतारने के नियम और धार्मिक महत्व?

### क्यों पहना जाता है मौली या कलावा

डॉ. गौरव दीक्षित बताते हैं कि कलावा बांधने से त्रिदेवों के साथ तीनों देवियों मां लक्ष्मी, पार्वती और सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे जो भी कार्य करने जा रहे हैं, वह बिना किसी बाधा के पूर्ण होता है. मौली व कलावा को रक्षा सूत्र भी कहते हैं, जो हमारे बुरे समय में रक्षा करता है, इससे घर में सुख-समृद्धि भी बनी रहती है. मौली व कलावा बांधने से व्यक्ति का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है. इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी है. हमारे शरीर की संरचना का प्रमुख नियंत्रण कलाई में होता है, इसलिए मौली धागा एक तरह से एक्यूप्रेशर की तरह काम करता है, जो हृदय रोग, मधुमेह व लकवा जैसे रोगों से सुरक्षा करता है.

### कलावा बांधने का मंत्र

डॉ. गौरव दीक्षित के मुताबिक, कलावा को हमेशा किसी योग्य कर्मकांडी ब्राह्मण या अपने से बड़े व्यक्ति से बंधवाना चाहिए. ऐसा करने से आपके साथ होनी वाली अनहोनी से बचा जा सकता है. पुरुष को कलावा हमेशा अपने दाएं हाथ में और स्त्री को अपने बाएं हाथ में बंधवाना चाहिए. हालांकि, कलावा बांधने वाले को हाथ पर बांधते समय "येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वामनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।" मंत्र का जाप जरूर करना चाहिए.

### बांधने का सही तरीका

डॉ. गौरव दीक्षित के मुताबिक, जिस भी हाथ में आप कलावा बंधवा रहे हैं तो उस हाथ में सिक्का या रुपया लेकर मुट्ठी में जरूर बंद कर लें. इसके बाद दूसरे हाथ को सिर पर रखें. इसके बाद हाथ में 3, 5 या 7 बार कलावा लपेटना चाहिए. कलावा बंध जाने के बाद हाथ में रखी दक्षिणा उस व्यक्ति को भेंट में दें जिसने आपके हाथ में कलावा बांधा है.

### उतरे कलावे का क्या करें?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हाथ में बांधा हुआ कलावा मंगलवार और शनिवार के दिन ही खोलना चाहिए. इसको खोलने के बाद पूजा घर में ही बैठकर दूसरा कलावा बांधवाएं. इसके बाद हाथ से कलावा उतारने के बाद इसे पीपल के पेड़ के नीचे रख दें या फिर किसी बहते पानी में प्रवाहित कर दें.

# गुड़ की गजक

**खाना-खजाना**

अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मकर संक्रांति साल का पहला पर्व होता है। इसे भारत के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। इस त्योहार को गुजरात में उत्तरायण, पूर्वी उत्तर प्रदेश में खिचड़ी और दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में मनाया जाता है।

अगर तिथि की बात करें तो इस साल पंचांग के अनुसार 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सूर्य देव प्रातः 02 बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में लोग पहले से ही मकर संक्रांति की तैयारी शुरू कर देते हैं।

मकर संक्रांति के दिन दान-दक्षिणा का काफी महत्व होता है। इस दिन ज्यादातर लोग तिल-गुड़ दान करते हैं। इसके साथ ही इस दिन गुड़ से बनी गजक खाने का भी महत्व होता है। अगर आपके घर भी गजक खाने का रिवाज है तो हम आपको घर पर ही गुड़ की गजक बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।



### गुड़ की गजक बनाने के लिए सामान


- गुड़
- तिल (सफेद या काला)
- घी

### विधि

गुड़ की गजक घर पर बनाना बेहद आसान है। ऐसे में आप सबसे पहले तिल को सुनहरा होने तक भून लें। इसको भूनते वक्त ध्यान रखें कि तिल को जलाना नहीं हैं। इसके बाद अब एक पैन में घी गरम करें। अब गरम तेल में गुड़ को मिलाएं और इसे हल्का सा पकाएं। जब गुड़ पिघलने लगे और बुलबुले आने लगें, उसमें भूने हुए तिल मिलाएं। अब इस मिश्रण को धीरे से अच्छे से मिलाएं ताकि तिल गुड़ में अच्छे से लिपट जाए। इस मिश्रण को ग्रीस्ड प्लेट या थाली पर बेलन की मदद से पतली रोटी की तरह बेल लें। इसे ठंडा होने दें और फिर इसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। बस आपकी गजक तैयार है। इसे आप स्टोर करके कई दिनों तक रख सकते हैं।

**कोशिशों के बाद भी डायबिटीज नहीं रहा कंट्रोल?**

# शुरू कर दें ये 5 चीजें खानी



### काबू में रहेगा ब्लड शुगर लेवल

देशभर में डायबिटीज के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. डायबिटीज एक ऐसी क्रोनिक बीमारी है, जिसका कोई जड़ से इलाज नहीं है. हालांकि, इसको कंट्रोल किया जा सकता है. इसके लिए सबसे जरूरी है हेल्दी खानपान. वैसे तो इसे कंट्रोल करने का दावा करने वाली बाजार में कई दवाएं मौजूद हैं, लेकिन कुछ फूड डायबिटीज कंट्रोल करने में बेहद चमत्कार माने जाते हैं. आइए सेंट्रल कमांड हॉस्पिटल लखनऊ के डाइटिशियन एवं डायबिटीज एजुकेटर रोहित यादव से जानते हैं इन फूड्स के बारे में-

डाइटिशियन रोहित यादव के मुताबिक, डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट में साबुत अनाज जरूर शामिल करना चाहिए. दरअसल, साबुत अनाज में ब्लड शुगर लेवल कम करने वाले कई अलग-अलग प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो डायबिटीज से जुड़ी अन्य जटिलताओं जैसे कब्ज आदि को दूर करने में भी मदद करते हैं.

एक्सपर्ट के मुताबिक, हाई ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मौसमी सब्जियां बेहद फायदेमंद होती हैं. ऐसे में हाई ब्लड शुगर के मरीजों को अपनी डाइट में सब्जियों को जरूर शामिल करना चाहिए. दरअसल, सब्जियों में फाइबर अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो ब्लड शुगर कंट्रोल करने के साथ पेट को हेल्दी रखता है.

रोहित यादव के मुताबिक, डायबिटीज के मरीजों को फलों का भी सेवन करना चाहिए. फलों में आप पपीता, सेब, अमरूद, संतरा समेत मौसमी फलों को डाइट में शामिल कर सकते हैं. बता दें कि, इन फलों का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहेगा.

हाई ब्लड शुगर के मरीज स्नैक्स के रूप में ड्राई फ्रूट्स ले सकते हैं, जिनमें हाई ब्लड शुगर लेवल कम करने वाले कई अलग-अलग प्रकार के गुण पाए जाते हैं. अगर आप रोजाना पानी में भीगे बादाम, काजू व अखरोट का सेवन करते हैं, तो यह आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है.

डायबिटीज के मरीजों के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करना जरूरी होता है और लेकिन हमेशा लो फैट डेयरी प्रोडक्ट्स ही शामिल करें. दही, पनीर और दूध आदि का सेवन करना हाई ब्लड शुगर लेवल को कम रखने के साथ-साथ पेट से जुड़ी अन्य कई समस्याओं को दूर करने में भी मदद करता है.

# एक दिन में कितने बादाम खाएं 5 या 10?



ड्राई फ्रूट्स में बादाम का सेवन खूब किया जाता है. बादाम एक बेहद ही हेल्दी और पौष्टिक तत्वों से भरपूर नट है. बादाम हो या अन्य कोई नट्स इन्हें पचाना आसान नहीं, क्योंकि इनमें अच्छी मात्रा में हेल्दी फैट, प्रोटीन और फाइबर होते हैं. बादाम में विटामिन ई, मैग्नीशियम, राइबोफ्लेविन, कॉपर, आयरन, पोटैशियम, जिंक, बी विटामिंस, नियासिन, थियामिन, फोलेट आदि भी होते हैं. आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बादाम खाने के फायदों, खाने का सही तरीका आदि के बारे में महत्वपूर्ण पोस्ट शेयर किया है. चलिए जानते हैं कि एक दिन में कितना बादाम खाना होता है हेल्दी.

प्रतिदिन बादाम का सेवन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन महत्वपूर्ण बात ये है कि एक दिन में कितना और किस तरह खाना चाहिए बादाम? आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसर कहती हैं कि हर किसी का पाचन तंत्र और चीजों को पचाने की क्षमता अलग होती है. सही तो वही है कि आप जो खाते हैं वो अच्छी तरह से पच जाए. ऐसे में जो भी खाएं, बेहद सावधानी बरतते हुए खाएं. जहां तक डाइट में डेली बादाम शामिल करने की बात है तो यदि आप पहली बार बादाम खा रहे हैं तो बेहतर है कि आप सिर्फ 2 पानी में भिगोए हुए बादाम खाएं. इनका छिलका उतार लें. जब आप 10 दिनों तक 2 बादाम खाने में कंफर्टेबल महसूस करते हैं, किसी तरह की पाचन संबंधित समस्या नहीं होती, तब आप 5 खाना शुरू कर सकते हैं.

### बादाम खाने के फायदे

- आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसर के अनुसार, जब आप बादाम खाते हैं तो अधिक एनर्जेटिक महसूस करते हैं.
- इसे खाने के बाद आपको किसी चीज को खाने की क्रेविंग्स काफी हद तक कम होती है.
- बादाम खाने से महिलाओं में पीरियड्स क्रैम्प की समस्या दूर होती है.
- बादाम खाने से पाचन शक्ति में सुधार होता है. पेट की समस्या नहीं होती है. कब्ज से बचाव होता है.
- बादाम में मौजूद पोषक तत्व दिमाग की सेहत को दुरुस्त बनाते हैं. मेमोरी पावर बूस्ट होती है.
- एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिंस से भरपूर होने के कारण यह त्वचा और बालों के लिए बेहद अच्छा होता है.
- नियमित सेवन से हार्ट हेल्दी रहता है. हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की समस्या नहीं होती है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** – व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। आंखों का ख्याल रखें। अज्ञात भय सताएगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन आ सकती है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन प्राप्त हो सकता है।

**वृषभ** : विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

**मिथुन** : व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

**कर्क** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल होंगे। किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**कन्या** : लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**तुला** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** : बड़ों की सलाह मानें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। धैर्य रखें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। दूसरों के कार्य में दखल न दें। मानसिक बेचैनी रहेगी।

**धनु** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**मकर** : आय में निश्चितता रहेगी। कोई बड़ी समस्या आ सकती है। धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ** : कार्यप्रणाली में सुधार होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। प्रमाद न करें। चोट व रोग से परेशानी संभव है। आराम तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा।

**मीन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शारीरिक कष्ट संभव है तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधन प्राप्त होंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### राम मंदिर समारोह से पहले नजमा बोलीं - धर्म बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं,

**लखनऊ.** यूपी के मिर्जापुर के पड़ोसी जिले वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाला अपना मुस्लिम महिला फाउंडेशन चलाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता नाजनीन अंसारी काफी खुश हैं। उनकी सहयोगी नजमा ने अयोध्या से राम ज्योति (विशेष दीये) लाने और उन्हें वाराणसी में 400-500 परिवारों (हिंदू और मुस्लिम दोनों) के बीच वितरित करने का फैसला किया है। नाजनीन अंसारी ने कहा, ₹हम भगवान राम की ज्योति लाकर काशी में हिंदू और मुस्लिम परिवारों को देंगे और उनसे 22 जनवरी तक इसे निरंतर जलते रहने की अपील करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां एक भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि भगवान राम हमारे पूर्वज नहीं हैं।₹ नजमा ने कहा, "भगवान राम कण-कण में बसे हैं। हम सभी जानते हैं कि हम अपना धर्म बदल सकते हैं, लेकिन हम अपने पूर्वजों को नहीं बदल सकते।"

### दंपति ने सचिव को सरेआम पीटा

**बरेली.** यूपी के बांदा से एक अजब मामला सामने आया है। जहां दंपति ने पंचायत भवन में सरेआम सचिव को जमीन पर गिराकर चप्पलों से पिटाई कर दी। वहीं, मौके पर मौजूद प्रधान समेत कई अन्य लोग खड़े होकर यह पूरा वाक्या देखते रहे। सचिव की तहरीर पर ग्राम प्रधान और पिटाई करने वाले दंपति पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। जिसके बाद पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर चप्पलों से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

### यूपी में शीतलहर का प्रकोप, लखनऊ समेत चार जिलों में बढ़ी स्कूलों की छुट्टियां

**लखनऊ.** पूरे उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने भी सर्दी और कोहरे को लेकर कई जिलों में अलर्ट जारी किया है। वहीं सर्दी को देखते हुए लखनऊ, बलरामपुर, बुलंदशहर और प्रयागराज के स्कूलों में डीएम के आदेश के बाद छुट्टियां बढ़ा दी गई। शनिवार की देर शाम डीएम ने आदेश जारी किया है। जबकि कक्षा नौ से 12वीं तक की कक्षा का समय भी बदला गया है। बुलंदशहर और लखनऊ में सर्दी को देखते हुए आठवीं तक के स्कूलों में 10 जनवरी तक छुट्टी की घोषणा की गई है। प्रयागराज और बलरामपुर में 14 जनवरी तक आठवीं तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

### उत्तरायण से होली के बीच 70 दिन मनेगा रामोत्सव

**अयोध्या.** अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के शुभारम्भ व प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राज्य के संस्कृति विभाग ने पूरे उत्तर प्रदेश में उत्सव मनाने की तैयारी की है। 14 जनवरी को उत्तरायण से शुरु होने वाला यह रामोत्सव प्रदेश के सभी जिलों में 22 जनवरी तक चलेगा। अयोध्या में रामोत्सव पूरे 70 दिन यानी होली तक मनाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम ने शनिवार को यहां प्रेसवार्ता में दी।

# लोकसभा चुनाव से पहले MVA में रार ?

## कांग्रेस ने सभी 48 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों के मंगाए नाम

**मुंबई.** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (MVA) दलों के बीच सीट-शेयरिंग फॉर्मूले पर बातचीत जारी है। इससे पहले ही सहयोगी दल कांग्रेस ने ऐसा कदम उठाया है जिससे गठबंधन में दरार पड़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान ने राज्य की सभी 48 लोकसभा सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नाम मंगाए हैं। दूसरी ओर, सहयोगी दलों की ओर से यह दावा भी किया जा रहा है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक है। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि सीट बंटवारे को लेकर बातचीत हो रही है। कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट), शिवसेना (यूबीटी) और प्रकाश आंबेडर की वंचित बहुजन अघाड़ी (VBA) सीट-शेयरिंग को लेकर फाइनल स्टेज में हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, बीते बुधवार को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नाना पटोले और सीनियर नेता बालासाहेब थोराट नई दिल्ली गए हुए थे। यहां पर इन दोनों की मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी से हुई। पटोले ने बाद में राज्य में पार्टी के जिला अध्यक्षों को संभावित उम्मीदवारों के नाम भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जांच के लिए एमपीसीसी भेजने के लिए भी कहा। कांग्रेस आलाकमान की ओर से उठाए गए इस फैसले को लेकर कई सारे सवाल उठने लगे हैं। अब पूछा जा रहा है कि क्या कांग्रेस महाराष्ट्र में अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी में है? या फिर संभावित उम्मीदवारों के नाम मंगाकर शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की पार्टी पर दबाव बनाने का यह प्रयास है?

### बयानों में गठबंधन की मजबूती के दावे

नाना पटोले ने बीते बुधवार को विश्वास जताया था कि लोकसभा चुनाव में एमवीए गठबंधन की विजय होगी। उन्होंने कहा कि MVA राज्य की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 40-41 पर जीत दर्ज करेगा। पटोले ने कहा कि एमवीए का सीट-बंटवारे का फॉर्मूला तैयार है और इसे लेकर तीनों घटक दलों के बीच कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, 'जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर फैसले की घोषणा कर दी जाएगी। हमारा आपस में कोई विवाद नहीं है। असली विवाद महायुति (भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार खेमे की राकांपा का सत्तारूढ़ गठबंधन) में चल रहा है। वे 45 से 48 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। लेकिन, मैं कह सकता हूं कि 2024 के चुनावों के बाद महाराष्ट्र में एमवीए के अधिकतम सांसद होंगे। हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अधिकतम सीटें एमवीए को मिलेंगी। एमवीए आगामी लोकसभा चुनावों में 40 से 41 सीटें जीतेगा।'

# मुंबई से चलेगी 'आस्था से अयोध्या' ट्रेन

### रोजाना रवाना होगी 2 गाड़ियां

**मुंबई.** 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद राम लला का दर्शन को आतुर भक्तों के दर्शन का सिलसिला शुरू होगा। ऐसे में देश के हर राज्य से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर ने बनाई है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने मुंबई से ₹आस्था से अयोध्या' नामक ट्रेन चलाने की तैयारी की है। यह ट्रेन मुंबई से शुरू होगी और सीधे अयोध्या रुकेगी। इस ट्रेन का परिचालन रेलवे विभाग कराएगा जबकि इसमें खानपान का जिम्मा आईआरसीटीसी को दिया गया है।

### 36 से अधिक ट्रेन चलाने की योजना



बता दें कि इससे पहले मुंबई भाजपा अध्यक्ष अशीष शेलार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक विशेष ट्रेन मुंबई से अयोध्या के बीच चलाने की घोषणा की थी। मुंबई में विधानसभा की 36 सीटें हैं। ऐसे में 36 से अधिक विशेष ट्रेनें अयोध्या के लिए मुंबई से चलाई जाएंगी। इसके अलावा गिरगांव सहित दूसरे इलाकों के बुजुर्ग नागरिकों के लिए अलग से ट्रेन भेजने का प्रबंध करने की भी योजना है। बुजुर्गों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए प्रदेश के कौशल्य विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा और विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की मदद ली जाएगी।

### डेढ-दो माह तक रेगुलर चलेगी ट्रेन

रेलवे सूत्रों का कहना है कि मुंबई से रोजाना दो विशेष ₹आस्था से अयोध्या' ट्रेन चलाई जाएगी। इसके अलावा सप्ताह में दो दिन दो विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी। विशेष ट्रेनों के चलाने का यह सिलसिला करीब एक से डेढ़ महीने तक चलेगा। प्रत्येक ट्रेन में 800 से 1,000 यात्री सीधे मुंबई से अयोध्या जाएंगे। इन विशेष ट्रेनों से सप्ताह में 14 से 20 हजार यात्री मुंबई से अयोध्या नगरी पहुंचेंगे। इन ट्रेनों को चलाने का सिलसिला 24 जनवरी 2024 से शुरू होगा।

# सांसद श्रीकांत शिंदे ने सौंपा 11 करोड़ रुपये का चेक



**अयोध्या.** महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे पार्टी के नेताओं के साथ अयोध्या पहुंचे. कारसेवक पुरम जाकर उन्होंने 11 करोड़ रुपये का चेक राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपा. यह पैसा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है.

श्रीकांत शिंदे ने कहा कि आज उनकी पीढ़ी के सामने राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हो रहा है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी हमारे नेता हैं. हमारी पार्टी, महाराष्ट्र की जनता और राम भक्तों की ओर से एक छोटा सा योगदान (11 करोड़) है, जिसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय जी को सौंपा है.

### पैसा बैंक में ट्रांसफर हो गया है- चंपत राय

इसको लेकर चंपत राय ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता, मंत्री और महाराष्ट्र के कल्याण क्षेत्र से दूसरी बार सांसद राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए महाराष्ट्र की जनता की ओर से 11 करोड़ रुपये का चेक लाए हैं. पैसा बैंक में ट्रांसफर हो गया है.

### 22 जनवरी को होगी रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

बताते चलें कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान के रूप में शामिल होंगे. ऐसे में केंद्र से लेकर राज्य सरकार के अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त हैं. अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से एक हफ्ते पहले धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे. प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मेहमानों को न्योते भेजे जा रहे हैं.

# पहले ED अफसरों पर जानलेवा हमला, अब उन्हीं पर FIR

### अधिकारियों पर जबरन दाखिल होने और महिला की अस्मिता के उल्लंघन का आरोप लगा



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल पुलिस ने शनिवार को ED की उस टीम के अधिकारियों पर केस दर्ज किया है, जिन पर शुक्रवार को नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके में भीड़ ने हमला कर दिया था। अधिकारियों के खिलाफ 'आपराधिक रूप से कहीं दाखिल होने' और 'महिला की अस्मिता का उल्लंघन करने की कोशिश' के आरोप में दर्ज की गई है।

ये अधिकारी नॉर्थ राशन घोटाले के तहत 24 परगना जिले में TMC जिला परिषद के सदस्य शाह-जहां शेख के घर तलाशी लेने जा रहे थे, लेकिन हमले की वजह से उन्हें वापस लौटना पड़ा। हमले के अगले दिन यानी (6 जनवरी) को पुलिस ने इस मामले में तीन FIR दर्ज कीं। एक FIR एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ और दो FIR अनजान लोगों के खिलाफ हुई हैं।

### ED अधिकारियों के खिलाफ शाहजहां शेख के केयरटेकर ने दर्ज कराई शिकायत

पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, ED अधिकारियों के खिलाफ FIR शेख के घर के केयरटेकर की शिकायत के आधार पर दर्ज कराई गई है। दूसरी FIR शुक्रवार को ED की शिकायत के आधार पर दर्ज हुई, जबकि तीसरी FIR एजेंसी ने खुद ही रजिस्टर की है। ED अधिकारियों के खिलाफ IPC की धारा 441 (आपराधिक रूप से कहीं दाखिल होना), 379 (चोरी करने की मंशा) और 354 (महिला की अस्मिता का उल्लंघन करना) के तहत FIR की गई है। अन्य दो एफआईआर IPC की धारा 147, 148, 149 (दंगा करना) और 353 (पब्लिक सर्वेंट पर हमला करना) के तहत दर्ज की गई है।

# कारगिल में पहली बार नाइट लैंडिंग

## एयरफोर्स ने कहा- रात में निगरानी और हमला कर सकेंगे; जवानों को ट्रेनिंग भी दी

**लद्दाख.** लद्दाख के कारगिल में पहली बार C-130J सुपर हरक्यूलस विमान की नाइट लैंडिंग एक्सरसाइज की गई। वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक वीडियो जारी करते हुए लिखा- C-130J विमान को कारगिल में उतार कर इतिहास रच दिया। अब दुश्मनों पर रात के अंधेरे में भी निगरानी और हमला किया जा सकता है।

एयरफोर्स की तरफ से शेयर किए गए वीडियों में सेना के कमांडोज को भी देखा जा सकता है। रात के वक्त पहाड़ों-जंगलों के बीच दुश्मनों पर कैसे नजर रखी जा सकती है, कमांडो इसकी ट्रेनिंग करते नजर आए।

वीडियो में सेना के कमांडो को टेरेन मास्किंग एक्सरसाइज करते हुए देखा गया। ये एक खास तरह का सैन्य अभियान होता है, जो तब किया जाता है, जब दुश्मन से छिपकर अपने मिशन को अंजाम तक पहुंचाना हो। एयरफोर्स ने इस एक्सरसाइज को लेकर ज्यादा जानकारी जारी दी।

लद्दाख के कारगिल में समुद्र तल से 8,800 फीट से ज्यादा ऊंचाई पर हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) है। ये इलाका ऊंची पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। ऐसे में यहां पर लैंडिंग काफी मुश्किल मानी जाती है। रात के अंधेरे में लैंडिंग करना और भी चुनौतीपूर्ण होता है। विमानों को लैंडिंग के दौरान रात के अंधेरे में न सिर्फ पहाड़ों से बचना होता है, बल्कि इसके लिए सिर्फ नेविगेशन का ही सहारा लेना पड़ता है।

# न्याय का ध्वज लहराता रहे, ताकि पीढ़ियां याद रखें

### CJI बोले- लोग पहले SC नहीं, जिला कोर्ट जाते हैं, उनका भरोसा बनाए रखें

**राजकोट.** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार (6 जनवरी) को उन्होंने द्वारकाधीश मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। उनकी पत्नी भी साथ रहीं। इस दौरान मंदिर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

इसके बाद सीजेआई राजकोट पहुंचे। यहां पर वे जामनगर रोड पर 110 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुई नई कोर्ट बिल्डिंग के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें गुजरात हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल और राज्य के कानून मंत्री ऋषिकेश पटेल भी मौजूद थे।

अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि जिस तरह से मंदिरों के शिखर पर लगे झंडे (ध्वज) हम सभी को एक साथ बांधे रखते हैं। उसी तरह डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के



वकीलों को इस तरह से काम करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों तक न्याय का ध्वज फहराता रहे।

मैं महात्मा गांधी के जीवन और आदर्श से प्रेरित

सीजेआई ने कहा कि उन्होंने ज्यूडिशियरी के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और उनके समाधानों की पहचानने के लिए महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों से प्रेरित होकर विभिन्न राज्यों का दौरा करना शुरू किया है। दो दिवसीय गुजरात यात्रा इसी का हिस्सा है।

'दौरे में मैं हाईकोर्ट के जज और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के अधिकारियों से मिलता हूं, उनकी समस्याएं सुनता हूं। इस तरह से हम ज्यूडिशियरी में आने वाली परेशानियों के समाधान को ढूंढ पाते हैं। साथ ही सबके साथ इंडियन ज्यूडिशियरी की उपलब्धियों को भी शेयर कर पाता हूं।'

# भारत में पहले दिन से गेंद घूमेगी, इससे टीम इंडिया को ही खतरा

## इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से



इंग्लैंड के विकेटकीपर बैटर जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि भारत में अगर टर्निंग पिचें मिलीं तो इससे टीम इंडिया को ही खतरा होगा। भारत का पेस अटैक बहुत मजबूत है और इस समय दुनिया में बेस्ट है। स्पिन पिचों पर वह कमजोर हो जाएंगे, इससे टीम की परफॉर्मेंस भी बिगड़ेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज 25 जनवरी से शुरू हो रही है। पहला टेस्ट हैदराबाद में खेला जाएगा। बेयरस्टो इंग्लिश स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

बेयरस्टो ने स्काय स्पोर्ट्स चैनल पर कहा, 'मुझे यकीन है कि भारत में टर्निंग पिचें ही मिलेंगी। पूरी तरह संभव है कि पिच पर पहले दिन से गेंद घूमने लग जाए। लेकिन ऐसा करने से टीम इंडिया अपना ही नुकसान करेगी। टीम का पेस अटैक टर्निंग ट्रैक पर कमजोर हो जाएगा। हम सभी जानते हैं कि वे कितने वर्ल्ड क्लास हैं।'

'भारत अलग पिच भी तैयार कर सकता है, जरूरी नहीं कि वो टर्न ही हो। हमने देखा है कि उनका पेस अटैक कितना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।'

बेयरस्टो ने आगे कहा- 'पिछले दौरे पर जरूर अक्षर और अश्विन ने अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन तब पहले टेस्ट में हम भी अच्छा खेले थे। रूट ने चेन्नई में डबल सेंचुरी लगाई थी। हम पहला टेस्ट जीत भी गए थे लेकिन दूसरे मुकाबले से पिचें बहुत ज्यादा बदल गईं।'

# मायावती की नसीहत- अपनी गिरेबान में झांकें अखिलेश

**लखनऊ.** अखिलेश यादव शनिवार को बलिया में थे। मीडिया के सवाल- INDI गठबंधन में मायावती जुड़ती हैं तो क्या ये गठबंधन के लिए फायदा होगा? इस पर अखिलेश ने कहा- चुनाव बाद की गारंटी कौन लेगा? यानी बाद में मायावती किस पार्टी के साथ चली जाएं, इसकी गारंटी कौन लेगा। यही बात मायावती को चुभ गई। क्योंकि कहीं न कहीं इसके जरिए पार्टी की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए गए।

मायावती ने सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। मायावती ने लिखा, अखिलेश को बसपा पर अनर्गल तंज कंसने से पहले अपनी गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। अखिलेश अपनी और अपनी सरकार की दलित विरोधी आदतों से मजबूर हैं। उन्हें देखना चाहिए कि उनका दामन भाजपा को बढ़ाने और भाजपा से मेलजोल करने में कितना दागदार है।₹ मायावती ने अखिलेश और भाजपा सरकार दोनों को दलित विरोधी करार दिया है।

### अखिलेश बोले- 100 दिन बचे हैं... BJP जाएगी

लखनऊ के सपा कार्यालय में रविवार को अधिवक्ता महासम्मेलन था। जिसमें अखिलेश यादव शामिल हुए। मीडिया से अखिलेश ने बातचीत की। सवाल- मायावती ने गिरेबान में झांकने और बीजेपी से आशीर्वाद लेने की बात कही है, इस पर आप क्या कहेंगे?

### कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**लखनऊ.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर अशोभनीय टिप्पणी कर जानबूझकर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के नाम के साथ जोड़ने के आरोपों को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी सीजेएम हृषिकेश पांडेय ने खारिज कर दी। साथ ही आरोप तय करने के लिए 16 जनवरी की तिथि तय की है। अर्जी का विरोध करते हुए सहायक अभियोजन अधिकारी राजेंद्र पांडेय ने तर्क दिया कि आरोपी पवन खेड़ा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और वह 1998 से 2013 तक तत्कालीन सरकार के राजनीतिक सचिव रह चुके हैं।

# बच्चे जैसी कोमलता, दिव्यता और तेज

### ऐसी होगी रामलला की प्रतिमा

### सूरज की किरणें करेंगी अभिषेक

**अयोध्या.** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है। यहां पर भगवान श्रीराम की जो प्रतिमा लगेगी, वह अपने आप में बेहद खास होगी। यह प्रतिमा 51 इंच ऊंची, 1.5 टन वजनी और बच्चे जैसी मासूमियत लिए होगी। इतना ही नहीं, हर साल रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे सूरज की किरणें इस प्रतिमा के माथे को स्पर्श करेंगी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह



जानकारी दी। इस मूर्ति का पूजन 16 जनवरी से शुरू होगा और गर्भगृह में इसे 18 जनवरी को स्थापित कर दिया जाएगा। चंपत राय ने बताया कि इस मूर्ति पर पानी, दूध या आचमन का कोई विपरीत प्रभाव नहीं होगा।

### गहरे रंग की विशेषता

चंपत राय ने बताया कि प्रभु श्रीराम की मूर्ति और जिस जगह इसे स्थापित किए जाएगा, उसे स्पेस साइंटिस्ट्स से राय के मुताबिक तैयार किया गया है। इसे इस तरह से बनाया गया है कि हर साल चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नौवीं तारीख को राम नवमी के अवसर पर दोपहर 12 बजे सूर्य देवता खुद श्रीराम का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि एक ही आकार की तीन प्रतिमाएं बनाई गई थीं, जिनमें एक का चयन हुआ है। श्रीराम प्रतिमा की सौम्यता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि गहरे रंग के पत्थर से बनी मूर्ति में भगवान विष्णु की दिव्यता और एक शाही बेटे का तेज है। साथ ही साथ इसमें पांच साल के बच्चे की मासूमियत भी है।

### 16 जनवरी से शुरू होगा समारोह

राम ट्रस्ट के महासिच के मुताबिक मूर्ति का चयन चेहरे की कोमलता, आंखों में देखने, मुस्कान, शरीर आदि को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि 51 इंच ऊंची प्रतिमा पर सिर, मुकुट और आभा को भी बारीकी से तैयार किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत 16 जनवरी से होगी। वहीं, 18 जनवरी को गर्भगृह में भगवान राम को सिंहासन पर स्थापित किया जाएगा। पांच साल की आयु वाले भगवान राम की प्रतिमा मंदिर के भूतल पर रखी जाएगी और 22 जनवरी को इसका अनावरण होगा। आठ महीने बाद जब मंदिर तैयार हो जाएगा तो प्रभु श्रीराम के भाइयों, माता सीता और हनुमान की मूर्तियां पहली मंजिल पर रखा जाएगा।

# दिल्ली में 12 साल की लड़की से गैंगरेप



### 3 आरोपियों की उम्र 15 साल से कम

### टी-स्टॉल का मालिक और महिला समेत 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली में 12 साल की लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना 2 जनवरी की है। लड़की ने 5 जनवरी को अपने कजिन को पूरी बात बताई। दिल्ली पुलिस ने रविवार 7 जनवरी को घटना का खुलासा किया।

पुलिस ने एक महिला, टी-स्टॉल के मालिक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी नाबालिग है, जिनकी उम्र 12, 14 और 15 साल है। ये तीनों टी-स्टॉल पर काम करते थे।

मामला दिल्ली के सदर बाजार इलाके का है। टी-स्टॉल के मालिक ने 1 जनवरी को कूड़ा बीनने वाली महिला से न्यू ईयर मनाने के लिए एक लड़की का इंतजाम करने को कहा था। महिला उसकी दुकान पर अक्सर चाय पीने आती थी।

अगले दिन महिला कचरा बीनने वाली 12 साल की लड़की से मिली और उसे खुर्शीद मार्केट में एक बिल्डिंग की छत से कचरा इकट्ठा करने के लिए कहा। जब लड़की इलाके में पहुंची तो वहां चारों आरोपी उसका इंतजार कर रहे थे।

### सील बिल्डिंग में आरोपियों ने रेप किया

आरोपियों ने एक सील बिल्डिंग के अंदर प्लास्टिक से टेंट बना रखा था। वहां लड़की के साथ बारी-बारी से रेप किया। आरोपियों ने लड़की को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी इसके बाद लड़की उत्तर पश्चिमी दिल्ली स्थित अपने घर लौट आई और दो दिन तक चुप रही। 5 जनवरी को वह कूड़ा बीनने के लिए सदर बाजार गई तो उसने वहां रहने वाले कजिन को आपबीती बताई।

उसके कजिन ने लड़की के माता-पिता को जानकारी दी। फिर परिवार ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के कुछ घंटों बाद सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया।

टी-स्टॉल का मालिक छत्तीसगढ़ का रहने वाला है, जबकि उसकी दुकान पर काम करने वाले तीन लड़के उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं।

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## संक्षेप...

### हादसे में बाइक चालक की मौत

**नवी मुंबई.** चालक द्वारा नियंत्रण खोने की वजह से बाइक सड़क के डिवाइडर से टकरा गई, इस हादसे में बाइक चालक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा. पनवेल शहर पुलिस के अनुसार मृतक का नाम महेंद्रसिंह अकलसिंह है, जो जेएनपीटी से पनवेल की ओर आने वाली सड़क से पनवेल की ओर आ रहा था. पुलिस ने बताया कि पनवेल के मानघर गांव के पास पहुंचने पर महेंद्रसिंह का बाइक पर से नियंत्रण छूट गया, जिसकी वजह से उक्त हादसा हुआ. पुलिस ने बताया कि महेंद्र सिंह को घायल अवस्था में कामोठे स्थित एमजीएम अस्पताल ले जाया गया. जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया.

# मुंबई में बढ़ी ठंड, पारा लुढ़का

- राज्य में बारिश के आसार
- IMD ने दिया अपडेट
- 17.5 डिग्री पहुंचा तापमान



**मुंबई.** महाराष्ट्र में एक बार फिर बारिश का संकट मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में हल्की बारिश की संभावना जताई है। फिलहाल राज्य में दिनभर बादल छाए हुए हैं। हवा में ओस मौजूद है। मुंबई में भी बूंदाबांदी के आसार है। अगले तीन दिनों तक उत्तर महाराष्ट्र में बिजली चमकने के साथ कुछ स्थानों पर छिटपुट और हल्की बारिश भी होगी। सर्दी के सीजन में बारिश से खेती को नुकसान हो सकता है।

मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में धुंध पसरा हुआ है। तापमान गिरने से सुबह और रात में शहरवासीयों को ठंड का एहसास हो रहा है। शहर में शनिवार को शुक्रवार की तुलना में अधिक ठंड थी। शनिवार को सांताक्रूज का न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालाँकि, कोलाबा में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस था।

### बारिश की संभावना

मुंबई में अगले 36 घंटों में छिटपुट बारिश हो सकती है। 8 जनवरी को आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिससे अगले 48 घंटों तक मुंबई महानगर क्षेत्र में बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। हालाँकि, मुंबई में ज्यादातर बूंदाबांदी की उम्मीद है। आंतरिक हिस्सों में तटीय उपनगरों की तुलना में अधिक बारिश होगी। पुणे में बीती रात कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई।राज्य में अलग-अलग स्थानों पर बरसात की स्थिती बनने के बाद मुंबई में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और मुंबई में भी उच्च स्तर की आर्द्रता का अनुभव हो रहा है। शनिवार सुबह मुंबई में कोलाबा और सांताक्रूज़ दोनों केंद्रों में आर्द्रता 75 प्रतिशत से ऊपर दर्ज की गई। जिस वजह से रविवार को न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई।

### क्यों बदला मौसम?

क्षेत्रीय मौसम अधिकारी सुषमा नायर ने बताया कि शनिवार को उत्तरी कोंकण को छोड़कर तट पर कहीं भी न्यूनतम तापमान में कोई गिरावट नहीं हुई। मुंबई में भी सांताक्रूज केंद्र पर कमी दर्ज की गई। तापमान में कमी उत्तरी कोंकण में उत्तरी हवाओं के प्रभाव के कारण हुई।

# फर्जी जमानत पेपर में 3 लोगों पर एफआईआर

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** फ्राड के मामले में बंद एक आरोपी को 3 लोगों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज अदालत में जमाकर जमानत लेने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है.शांतिनगर पुलिस मे कोर्ट कर्मी जागृति जगदीश पाटिल की शिकायत पर जमानत लेने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

मिली जानकारी के अनुसार,भोईवाडा पुलिस स्टेशन में बडोदा,बरूच गुजरात निवासी विनोद भाई जयराम भाई भीमरा के खिलाफ धारा 420,406,34 के तहत केस दर्ज हुआ था. आरोपी को भिवंडी दीवानी न्यायालय में हाजिर किया था. अदालत ने आरोपी भीमरा को जेल भेज दिया था. 5 जनवरी 2023 को संतोष कन्हैयालाल मौर्या निवासी गोरेगांव मुंबई ,संतोष शिंदे और कल्पेश पाटिल आदि मिलकर फर्जी दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड,घरपट्टी बनाकर जमानत के लिए दीवानी न्यायाधीश, कनिष्ठ स्तर न्यायमूर्ति ए.एस.भोसेकर के कोर्ट में जमा किया. जमानत पेपर की सत्यता जांच में सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए है.शांतिनगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ भादंवि की धारा 420, 465,467,471,474 के तहत केस दर्ज कर लिया है. तीनों को पुलिस तलाश कर रही है. आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक कुचेकर कर रहे है.

# ईंट भट्टी से छुड़ाए गए बंधुआ मजदूर

- 12 परिवारों के 22 मजदूर भट्टी मालिक की दासता से हुए मुक्त

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी तालुका अंतर्गत अनेकों ईंट भट्ठियों पर आदिवासी मजदूर बंधुआ मजदूरी करते पाए जाते हैं. श्रमजीवी संघटना प्रमुख विवेक पंडित ने मैंदे गांव स्थित एट ईंट भट्टी पर छापा मार कर 12 परिवारों के 22 मजदूरों को भट्टी मालिक की दासता से मुक्त कराया है.

मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी तालुका अंतर्गत मैंदे शेंदे पाडा खांडपे स्थित शशिकांत पाटील की ईंट भट्ठी पर अनेक वर्षो से 12 मजदूरों के परिवार बंधुआ मजदूरी के तहत कार्य कर रहे थे. आदिवासी मजदूर द्वारा पैसे मांगे जाने पर ईंट भट्टी मलिक सिर्फ खाना और खर्च के लिए पैसे देता और फिर मांगने पर मारपीट की धमकी देता था. श्रमजीवी संघटना कार्यकर्ता से जानकारी मिलने पर श्रमजीवी संघटना प्रमुख विवेक पंडित ने भिवंडी तहसीलदार अधिक पाटील,पडघा पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक प्रदीप गीते व संघटना महासचिव बालाराम जाधव,प्रदेश उपाध्यक्ष विजय भोईर, जिलाध्यक्ष अशोक सपाटे, प्रवक्ता प्रमोद पवार तालुकाध्यक्ष सुनील लोणे,संगीता भोमटे के साथ सुबह ईंट भट्टी पर छापा मार कर वहां काम कर रहे आदिवासी मजदूर की व्यथा की सच्चाई समझी. आदिवासी परिवार के भारती साईनाथ जाधव, साईनाथ आश्रम जाधव दोन्ही ,संगीत संदिप पवार संदिप कालूराम पवार,अनिल शांताराम जाधव,अनिता अनिल जाधव ,सुनिल दशरथ मुकणे सुनिता सुनिल मुकणे,गणपत विठ्ठल पवार,अनिता गणपत पवार, संगीता चंद्रकांत वाघ,चंद्रकांत सुदाम वाघ, विवेक रघुनाथ हिलोन,सविना विवेक हिलोम,अरुण लक्ष्मण सवर,पुष्पा अरून सवर ,आदर्श विवेक हिलम अस्मीता आगर्श,सारीका मनसुराम वाघ, मनसुराम विक्रम वाघ,मिरा दशरत मुकणे,दिनेश प्रविण जाधव 22 मजदूरों को बंधमुक्त किया तथा आसपास की ईंट भट्ठी पर बंधुवा मजदूरी कर रहे कुल 43 लोगो को मुक्त किया है.राजेश मुकणे की शिकायत पर पुलिस ने ईंट भट्टी मालिक शशिकांत पाटील के खिलाफ बंधुवा मजदूरी कायदा के तहत अट्रोसिटी का मामला दाखिल कराया है.श्रमजीवी संघटना द्वारा विगत दिनों एक ईंट भट्टी पर काम कर रहे 11 मजदूरों को भी मुक्त कराया गया था.

# शातिर बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त में

- 11 अपराधों में शामिल
- 5 बाइक व 7 मोबाइल जब्त

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडीः** भिवंडी शहर में दुपहिया वाहनों की बढ़ती चोरी को गंभीरता से लेते हुए अपराध शाखा ने कड़ी जांच के उपरांत एक शातिर चोर को गिरफ्तार किए जाने में सफल रही. हनुमान टेकडी निवासी शातिर चोर अक्षय दीपक वर्मा उर्फ शिवा (32) द्वारा 11 अपराध की घटनाओं में शामिल होने का खुलासा हुआ है.क्राइम ब्रांच पुलिस ने 5 मोटरसाइकिल सहित 7 मोबाइल को जप्त किए जाने में सफलता हासिल की है. मिली जानकारी के अनुसार, भिवंडी शहर एवं आसपास के क्षेत्र में मोटरसाइकिल की बढ़ती घटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति भारी नाराजगी फैली है. भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी को रोकने के लिए कुशल पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर तहकीकात में जुटी थी. क्राइम ब्रांच सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर निरीक्षक सचिन गायकवाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार, पुलिस हवालदार मंगेश शिर्के, अमोल देसाई, पुलिस शिपाई अमोल इंगले की टीम ने समुचित जांच के उपरांत

हनुमान टेकडी निवासी शातिर चोर अक्षय दीपक वर्मा उर्फ शिवा (32) को गिरफ्तार किया.आरोपी अक्षय वर्मा द्वारा भिवंडी,कल्याण,मुंबई सहित विविध जगहों पर 11 अपराध की घटनाओं में शामिल होने का खुलासा हुआ है. क्राइम ब्रांच पुलिस ने 5 मोटरसाइकिल सहित 7 मोबाइल को जप्त किए जाने में सफलता हासिल की जिसकी कीमत 4 लाख 50 हजार 100 रुपए बताई गई है.

## माटुंगा-मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन मेगा ब्लॉक

**मुंबई.** मध्य रेल, मुंबई मंडल के उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए रविवार को मेगा ब्लॉक होगा. सुबह 10.52 बजे से दोपहर 3.35 बजे तक सीएसएमटी से छूटने वाली डाउन फास्ट लाइन सेवाओं को माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा. ठाणे स्टेशन पर उन्हें डाउन फास्ट लाइन पर पुनः डायवर्ट किया जाएगा. सुबह 11.28 बजे से दोपहर 3.46 बजे तक ठाणे से छूटने वाली अप फास्ट लाइन सेवाओं को मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा. डाउन फास्ट लाइन पर, ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल टिटवाला लोकल होगी, जो सीएसएमटी से सुबह 10.48 बजे छूटेगी. अपने निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए आगे इन्हें पुनः अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा. ब्लॉक के बाद पहली लोकल बदलापुर लोकल होगी, जो सीएसएमटी से दोपहर 3.39 बजे छूटेगी.

# सस्ते फ्लैट का झांसा देकर 28 लोगों से ठगी




**नवी मुंबई।** एक व्यक्ति द्वारा 28 लोगों से धोखाधड़ी कर 20 लाख रुपये हड़पने की घटना सामने आई है। हार्दिक दिघे इस धोखेबाज़ का नाम है और नवी मुंबई पुलिस की वित्तीय अपराध शाखा ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

इस बारे में पुलिस ने बताया कि आरोपी हार्दिक दिघे ने जनवरी 2021 में वाशी रेलवे स्टेशन के पास रियल टेक पार्क की बारहवीं मंजिल पर एनपीए लिक्विडेटर के नाम से एक कार्यालय खोला था। फिर उसने यह विज्ञापन देना शुरू कर दिया कि उसे बैंक द्वारा सील किए गए फ्लैट बेचने के लिए काम पर रखा गया था। इस विज्ञापन को देखने के बाद नवी मुंबई, मुंबई और ठाणे के कई जरूरतमंद लोग कम कीमत पर फ्लैट पाने की उम्मीद में वाशी स्थित हार्दिक दिघे के कार्यालय पहुंचे।उसके बाद हार्दिक दिघे ने उनसे लाखों रुपये वसूल कर और एनपीए लिक्विडेटर्स कंपनी के साथ एक एमओयू करके उनका विश्वास हासिल कर लिया। इस मामले में हार्दिक दिघे ने ग्राहकों से लाखों रुपये लिए और दो साल में किसी को फ्लैट नहीं दिया. हर बार उन्होंने अलग-अलग कारण बताकर मना कर दिया। इसलिए, इनमें से कुछ ग्राहकों ने उससे अपने दिए हुए पैसे वापस मांगने शुरू कर दिए जिसकी वजह से वह वाशी में अपना कार्यालय बंद करके भाग गया। इसके बाद ठगी का शिकार हुए 28 लोगों ने नवी मुंबई पुलिस की वित्तीय अपराध शाखा पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने हार्दिक दिघे के खिलाफ वाशी पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी के साथ गबन का मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है.

# बिड़ला कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**कल्याण.** बी.के. बिड़ला कॉलेज कल्याण, केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा, महाराष्ट्र राज्य हिंदी अकादमी मुंबई, अखिल भारतीय साहित्य परिषद कल्याण शाखा ने संयुक्त रूप से सोमवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया हैं, बिड़ला कॉलेज में 8 और 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 'हिन्दी आलोचनाः प्रकृति और दायरा' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है,

इसमें देशभर से राष्ट्रीय स्तर के हिंदी विद्वानों की मौजूदगी होगी, सेमिनार का उद्घाटन सोमवार को सुबह 10 बजे होगा. संगोष्ठी का उद्घाटन मुंबई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संचालन रविंद्र कुलकर्णी करेंगे, इस अवसर पर मुख्य उपस्थिति प्रो. बलवंत जानी, चांसलर जनार्दन राय नागर, राजस्थान यूनिवर्सिटी, उदयपुर, प्रो. सुनील कुलकर्णी, निदेशक केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा एवं केंद्रीय हिंदी निदेशालय, प्रो. शीतला प्रसाद दुबे कार्यकारी अध्यक्ष महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी मुंबई सुबोध दवे उपाध्यक्ष प्रबंधन समिति बी.के. बिड़ला कॉलेज, डॉ. नरेश चंद्रा, शिक्षा निदेशक, बीके बिड़ला कॉलेज, डॉ.अविनाश पाटिल प्रिंसिपल बी.के. बिरला कॉलेज का स्वामित्व होगा,

# प्रेस क्लब कल्याण द्वारा मनाया गया पत्रकार दिवस

उल्हास विकास संवाददाता




**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के शंकरराव चौक स्थित स्वामीनारायण हाल में 'प्रेस क्लब कल्याण' द्वारा पत्रकार दिवस मनाया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा विधायक गणपत गायकवाड, जिलासूचना अधिकारी मनोज सानप, केडीएमसी उपायुक्त प्रसाद बोरकर, लोकमत के सहायक संपादक मिलिंद बेल्हे एवं केडीएमसी के उपसचिव किशोर शेलके मौजूद थे। दीप प्रज्ज्वलन के बाद उपस्थित सभी अतिथियों ने वर्तमान मराठी पत्रकारिता पर अपना मनोगत व्यक्त किया। साथ ही मराठी पत्रकारिता के जनक बालशास्त्री जांभेकर को नमन किया। ज्ञात हो कि आज ही के दिन बालशास्त्री जांभेकर ने दर्पण नामक मराठी अखबार की शुरुआत की थी, इसलिए उन्हें मराठी पत्रकारिता का जनक कहा जाता है। उन्हीं की याद में 6 जनवरी को पत्रकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान जिलासूचना अधिकारी मनोज सानप ने कहा कि पत्रकारिता किसी के दबाव में ना आते हुए निष्पक्ष होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिला सूचना कार्यालय द्वारा पत्रकारों को समय-समय पर सभी चीजों की जानकारी दी जाएगी। बीजेपी के विधायक गणपत गायकवाड ने कहा कि जिस तरह ठाणे के पत्रकारों को घर मिला है, और पेंशन लागू की गई है। उसी तरह कल्याण के पत्रकारों को भी यह सुविधा मिलनी चाहिए। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री से मिलकर मांग करूंगा। प्रेस क्लब द्वारा भी पत्रकारों को मकान एवं पेंशन दिए जाने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही प्रेस क्लब के सदस्यों ने पत्रकारों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस और पत्रकारों के लिए निधि का मुद्दा मनपा अधिकारियों के समक्ष रखा। जिसके जवाब में मनपा के उपायुक्त प्रसाद बोरकर ने कहा कि इस विषय में वे वरिष्ठ अधिकारी से अवश्य चर्चा करेंगे। समारोह में उपस्थित मनपा की जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले को प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। अंत में विष्णु कुमार चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 'तौबा तेरा जलवा' में अमीषा बनीं लव गुरु

आकाशादित्य लामा एक पॉपुलर राइटर, डायरेक्टर और थीएटर आर्टिस्ट हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी सीरीयल से की। आकाशादित्य ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर' के डायरेक्टर अनिल शर्मा को असिस्ट भी कर चुके हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'तौबा तेरा जलवा' 5 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म को अच्छे रिव्यूज भी मिल रहे हैं।

इस फिल्म के राइटर और डायरेक्टर आकाशादित्य हैं। आकाशादित्य ने फिल्म 'तौबा तेरा जलवा' की कहानी और किरदारों के बारे में बताया कि 22 सालों से वे अमीषा पटेल के साथ काम करना चाहते थे। फिल्म 'तौबा तेरा जलवा' में अमीषा पटेल लव गुरु की भूमिका में नजर आएंगी। आकाशादित्य ने टीवी और फिल्मों की दुनिया के बारे में भी कुछ रोमांचक किस्से शेयर किए।

फिल्म के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने 'तौबा तेरा जलवा' को एक फिलॉसफिकल रोमांटिक थ्रिलर बताया। उन्होंने कहा- ये फिल्म प्रेम कहानी नहीं बल्कि प्रेम की कहानी है। प्रेम क्या होता, कैसे होता है, क्यों होता है और प्रेम का अंजाम क्या हो सकता है- फिल्म इसी बारे में है। इस बात का पूरा-पूरा ख्याल रखा गया है कि ऑडियंस को फिल्म से फुल-एंटरटेनमेंट मिले। फिल्म के किरदार रियल लाइफ कैरेक्टर से इंस्पायरर्ड हैं। अमीषा पटेल का रोल एक ऐसी महिला से इंस्पायर्ड हैं जिनको मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। वे फिल्म में एक लव-गुरु बनी हैं, जिन्हे प्यार हो जाता है।



## आम सूचना

मैं श्रीमती कविता दिलीपकुमार टिलवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 11-बी और फ्लैट नं. 12, 3रा माला, टेकसन टावर, रुम नं. 7-8, बैरक नं. 423, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय015754000) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजकुमार गोरधनदास रेलवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.12.2023 सी.नं. 647 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कविता दिलीपकुमार टिलवाणी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती हेमा भारत तलरेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 201, 2रा माला, नटराज पैलेस, ए-विंग, साईबाबा नगर के पीछे, शांतिनगर, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 29सीओ007881000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चंदरा टीकमदास हिन्दुजा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 22.12.2020 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती हेमा भारत तलरेजा**

## आम सूचना

हम श्री जगदीश भवानीदास नारंग व श्री संतोष भवानीदास नारंग सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप, सामने वीनस टॉकीज, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 50डीआय010759500) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्रीमती लक्ष्मीबाई भवानीदास नारंग और अन्य दो जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 1.1.2024 सी.नं.6/93 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जगदीश भवानीदास नारंग व श्री संतोष भवानीदास नारंग**

## आम सूचना

मैं श्री समाधान लालासो कदम सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, एमआयडीसी, धोबीघाट, शिवनेरी नगर, बिर्ला मंदिर के पीछे, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ018250700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लक्ष्मी लहू घार्गे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.1.2023 सी.नं. 100/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री समाधान लालासो कदम**

## आम सूचना

मैं श्री केतन अशोक गायकवाड़ सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 234 के पास ब्राह्मण पाड़ा, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 050डीआय010883700) उक्त प्रॉपर्टी श्री महेश जगन्नाथ कामथ के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.7.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री केतन अशोक गायकवाड़**

## आम सूचना


हम श्री जगदीश भवानीदास नारंग व श्री संतोष भवानीदास नारंग सभी को सूचित कर रहे हैं कि सरकारी शॉप नं. 12,13,14, सामने वीनस टॉकीज, श्मशान भूमि के पास, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 50डीआय010759300(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्री जीतेंद्र परमानंद नारंग के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 1.1.2024 सी.नं.6/95 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जगदीश भवानीदास नारंग व श्री संतोष भवानीदास नारंग**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099